**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5118**

**24.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**विदेशी जेलों में भारतीय**

**5118**. **श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद:**

**श्रीमती मेनका संजय गांधी:**

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार:**

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:**

**श्री टी.एन. प्रथापन:**

**श्री के. नवासखनी**:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास इस समय विदेशी जेलों में बंद भरतीयों से संबंधित कोई आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में देश-वार अपराध/मामला-वार और लिंग-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उन्हें जेल से रिहा करवाने के लिए कोई उपाय किए हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत पांच वर्षो में जेलों से रिहा कराए गए भारतीयों के वर्ष-वार आंकड़े क्या हैं;

(ङ) देश की नीति के अनुसार भारतीय दूतावासों और कौंसुलेटों द्वारा प्रदत्त सहायता /प्रदान की जा रही सहायता का ब्यौरा क्या है;

(च) क्या अन्य देशों की जेलों से भारतीयों को रिहा करवाते समय कैदियों के आदान-प्रदान संबंधी कोई वार्ता हुई है; और

(छ) यदि हां, तो उक्त वर्ता का और आदान-प्रदान किए गए कैदियों के आंकड़े का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री वी. मुरलीधरन)**

(क) और (ख) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 31.05.2019 तक विदेशी जेलों में भारतीय कैदियों की संख्या 8189 है जिसमें विचाराधीन मामले भी शामिल हैं। देश-वार विस्तृत सूची अनुबंध में संलग्न

है। हालांकि कई देशों में कड़े निजता कानूनों के कारण स्थानीय प्राधिकरण कैदियों की जानकारी तब तक साझा नहीं करते जब तक कि संबंधित व्यक्ति ऐसी जानकारी प्रकट करने की सहमति न दे। यहां तक कि जानकारी साझा करने वाले देश भी सामान्यत: विदेशी जेलों में कैद व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान नहीं करते हैं।

(ग) और (घ) सरकार विदेश स्थित अपने मिशनों/केन्द्रों के माध्यम से तथा उच्चस्तरीय यात्रा के दौरान विदेशों में भारतीय कैदियों को आम माफी दिलाने/ सजा कम कराने की मांग करती है और इस संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई करती है । मई 2014 से अब तक विदेशी सरकारों ने कुल 6405 भारतीय नागरिकों को या तो माफी दे दी है या उनकी सजा की अवधि कम कर दी है।

(ङ) सरकार विदेशी जेलों में कैद भारतीयों सहित विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा हिफाजत तथा सलामती को उच्चतम प्राथमिकता प्रदान करती है। विदेश स्थित भारतीय मिशन/केन्द्र विदेशों में स्थानीय कानून के उल्लंघन अथवा स्थानीय कानून के तथाकथित उल्लंघन के लिए जेल में भेजे गए भारतीय नागरिकों से संबंधित घटनाओं के प्रति सर्तक रहते हैं और इसकी गहन निगरानी करते हैं। उन्हें सभी संभव कौंसुली सहायता प्रदान करने के अलावा भारतीय मिशन तथा केन्द्र आवश्यकतानुसार विधिक सहायता प्रदान करने में भी सहयोग करते हैं। जहां भारतीय समुदाय पर्याप्त संख्या में हैं वहां मिशन और केन्द्र स्थानीय वकीलों का एक पैनल भी रखते हैं।

(च) और (छ) सजायाफ़्ता व्यक्तियों के स्थानांतरण (टीएसपी) के लिए द्विपक्षीय करारों के संदर्भ सहित विदेशी जेलों में कैद भारतीय-नागरिकों की देश वापसी के मुद्दे पर संबंधित देश के साथ परामर्श एवं समन्वय करने की एक नियमित प्रक्रिया है। भारत ने सजायाफ्ता व्यक्तियों के स्थानांतरण पर 31 देशों के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने विदेशों में अपराध के लिए सजा काट रहे व्यक्तियों पर बहुपक्षीय अंतर-अमरीका अभिसमय को मई 2014 में तथा सजायाफ्ता व्यक्तियों के स्थानांतरण पर यूरोप परिषद् बहुपक्षीय अभिसमय को जनवरी 2018 में स्वीकार किया। अनुसमर्थित द्विपक्षीय करारों के आधार पर तथा बहुपक्षीय अभिसमय में शामिल होने से इन देशों से सजायाफ्ता व्यक्तियों को भारत से/भारत में स्थानांतरित कर सकते हैं। 2010 से जून 2019 तक कुल 58 भारतीय कैदियों को भारत में स्थानांतरित किया गया है।

*****

अनुबंध

| क्र.सं. | देश का नाम | विदेशी जेलों में कैद भारतीयों की कुल संख्या (सिद्ध दोष और मुकदमाधीन) | लिंग अनुसार | अपराध के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर्मीनिया | 9 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 2 | ऑस्ट्रिया | 5 | उपलब्ध नहीं | हत्या आदि। |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 78 | उपलब्ध नहीं | यौन अपराध,सशस्त्र डकैती,स्टैकिंग हत्या, ड्रग्स आदि। |
| 4 | अजरबेजान | 3 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 5 | बहरीन | 134 | उपलब्ध नहीं | चोरी, रिश्वत, शराब का सेवन, वित्तीय धोखाधड़ी आदि। |
| 6 | बेलारूस | 1 | 1 –पुरूष | मानव तस्करी आदि। |
| 7 | बांग्लादेश | 58 | 30 – पुरूष 4 – महिला 24 – उपलब्ध नहीं | नारकोटिक्स एक्ट, आर्म्स एक्ट, तस्करी, अवैध प्रवेश, मानव तस्करी आदि। |
| 8 | बेल्जियम | 12 | 12 - पुरूष | विभिन्न आपराधिक मामले आदि। |
| 9 | भूटान | 53 | 51-पुरूष<br>2-महिला | ड्रग्स, डकैती, जालसाजी आदि। |
| 10 | ब्राजील | 2 | 2-पुरूष | अवैध प्रवेश आदि। |
| 11 | ब्रुनेई | 1 | उपलब्ध नहीं | हत्या |
| 12 | कंबोडिया | 3 | 3 – पुरूष | नशीले पदार्थों की तस्करी, यौन अपराध, एटीएम धोखाधड़ी का मामला आदि। |
| 13 | कनाडा | 70 | उपलब्ध नहीं | हत्या, यौन हस्तक्षेप आदि। |
| 14 | चीन | 270 | 229 - पुरूष<br>13 - महिला | ड्रग तस्करी, हत्या, चोरी, संविदा में फर्जीवाड़ा आदि। |
| 15 | कोलम्बिया | 5 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 16 | कांगो | 4 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 17 | कोटे डी 'आइवर | 1 | 1 – पुरूष | वाणिज्यिक विवाद |
| 18 | क्यूबा | 1 | 1 – पुरूष | नशीले पदार्थों की तस्करी |
| 19 | साइप्रस | 11 | उपलब्ध नहीं | हत्या, ड्रग्स की तस्करी / कब्ज़ा, शारीरिक उत्पीड़न, दोषपूर्ण हत्या, यातायात दुर्घटना, चोरी, यौन शोषण, हत्या का प्रयास, शराब पीकर गाड़ी चलाना आदि । |
| 20 | डेनमार्क | 5 | 5 – पुरूष | अवैध प्रवास और हत्या आदि। |
| 21 | मिस्र | 2 | 1 – पुरूष | नशीले पदार्थों की तस्करी |
| 22 | फ़िजी | 1 | 1 – महिला | ड्रग्स |
| 23 | फिनलैंड | 1 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 24 | फ्रांस | 38 | 11 - पुरूष | हत्या का प्रयास हत्या, यौन शोषण,सीमा पार करना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 1 – महिला<br>26-उपलब्ध नहीं | और नियोक्ता के साथ लड़ाई आदि |
| 25 | जर्मनी | 59 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 26 | घाना | 1 | 1 – पुरूष | धन का दुरुपयोग |
| 27 | ग्वाटेमाला | 2 | 2 – पुरूष | उपलब्ध नहीं |
| 28 | हंगरी | 3 | उपलब्ध नहीं | जाली वीजा आदि। |
| 29 | इंडोनेशिया | 19 | 17 – पुरूष<br>2 – महिला | नारकोटिक्स आदि। |
| 30 | ईरान | 18 | उपलब्ध नहीं | तेल की तस्करी आदि। |
| 31 | इराक | 4 | 4 – पुरूष | नकली यात्रा दस्तावेज, ड्रग तस्करी और प्रतिरूपण आदि। |
| 32 | इजराइल | 7 | 4 - पुरूष<br>3 – महिला | हत्या और वीजा उल्लंघन आदि। |
| 33 | इटली | 242 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 34 | जापान | 7 | 7 – पुरूष | हत्या सह डकैती, मादक पदार्थ, हत्या आदि। |
| 35 | जॉर्डन | 25 | उपलब्ध नहीं | हत्या, अपहरण, नशाखोरी आदि। |
| 36 | कोरिया गणतंत्र | 3 | 3 – पुरूष | नकली पासपोर्ट और अनुचित व्यापार व्यवहार आदि। |
| 37 | कुवैत | 511 | उपलब्ध नहीं | हत्या, ड्रग्स के मामले आदि। |
| 38 | किर्गिज़स्तान | 2 | 2 – पुरूष | आर्थिक अपराध और शैक्षिक दस्तावेज की जालसाजी आदि। |
| 39 | लाओ पीडीआर | 2 | उपलब्ध नहीं | मानव तस्करी और धोखाधड़ी का मामला आदि। |
| 40 | लेबनान | 5 | 5 – पुरूष | हत्या और अपहरण आदि। |
| 41 | मेडागास्कर | 15 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 42 | मलेशिया | 576 | उपलब्ध नहीं | ड्रग तस्करी, आव्रजन उल्लंघन, हत्या, बलात्कार आदि। |
| 43 | मालदीव | 14 | 14 – पुरूष | मादक पदार्थों की तस्करी आदि। |
| 44 | माल्टा | 1 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 45 | मॉरीशस | 4 | 4 – पुरूष | ड्रग्स की तस्करी आदि। |
| 46 | मेक्सिको | 2 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 47 | मोजाम्बिक | 6 | 6 – पुरूष | अपहरण आदि। |
| 48 | म्यांमार | 61 | उपलब्ध नहीं | आव्रजन अपराध आदि। |
| 49 | नेपाल | 1160 | उपलब्ध नहीं | हत्या, बलात्कार, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी, लूट, अपहरण, संगठित अपराध आदि। |
| 50 | नीदरलैंड | 1 | उपलब्ध नहीं | हत्या |
| 51 | न्यूजीलैंड | 13 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 52 | नाइजीरिया | 1 | 1 – पुरूष | तेल की तस्करी |
| 53 | ओमान | 101 | उपलब्ध नहीं | ड्रग्स की तस्करी, तेल की तस्करी और नियोक्ताओं के साथ लड़ाई आदि। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 54 | पाकिस्तान | 48 | उपलब्ध नहीं | अवैध प्रवास और अवैध रूप से सीमा पार करना आदि। |
| 55 | पनामा | 1 | 1 – पुरूष | मानव तस्करी |
| 56 | फिलीपींस | 34 | उपलब्ध नहीं | अपहरण, हत्या, मादक पदार्थ आदि। |
| 57 | पोलैंड | 5 | 5 –पुरूष | यौन शोषण, हत्या आदि। |
| 58 | पुर्तगाल | 5 | 5-पुरूष | हत्या, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि। |
| 59 | कतर | 257 | 205 - पुरूष<br>7 – महिला 45 – उपलब्ध नहीं | चेक बाउंस, ड्रग तस्करी, हत्या, रिश्वत आदि। |
| 60 | रूसी संघ | 6 | 6 – पुरूष | ड्रग्स की तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी, नकली दवाओं की बिक्री, अवैध आदि रूप से सीमा पार करना |
| 61 | सऊदी अरब | 1811 | उपलब्ध नहीं | शराब, दुर्घटना, रिश्वत, धोखाधड़ी, ड्रग्स, हत्या, अपहरण आदि। |
| 62 | सिंगापुर | 111 | 97 - पुरूष<br>4 – महिला<br>10 – उपलब्ध नहीं | वाणिज्यिक अपराध, नशीली दवाओं का अपराध, संपत्ति विवाद, यातायात अपराध आदि। |
| 63 | स्लोवेनिया | 2 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 64 | दक्षिण अफ्रीका | 6 | 6 – पुरूष | आर्थिक अपराध, हत्या और यौन अपराध आदि। |
| 65 | स्पेन | 21 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 66 | श्री लंका | 111 | 71 -पुरूष<br>1 – महिला<br>39-उपलब्ध नहीं | ड्रग और सोने की तस्करी, मानव तस्करी, वीजा उल्लंघन और आईटी धोखाधड़ी आदि। |
| 67 | स्वीडन | 2 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 68 | तंजानिया | 1 | 1 – पुरूष | हत्या |
| 69 | थाईलैंड | 44 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 70 | तुर्की | 2 | 2 – पुरूष | अपहरण, आतंकवाद आदि। |
| 71 | युगांडा | 1 | 1 – पुरूष | धन का गबन |
| 72 | संयुक्त अरब अमीरात | 1392 | उपलब्ध नहीं | मर्डर, ड्रग्स, शराब, चेक बाउंस, वित्तीय धोखाधड़ी आदि। |
| 73 | यूनाइटेड किंगडम | 6 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 74 | संयुक्त राज्य अमरीका | 689 | उपलब्ध नहीं | अवैध प्रवास और विभिन्न अपराध आदि। |
| 75 | वियतनाम | 1 | 1 – पुरुष | लूट |
| 76 | **कुल** | **8189** | | |

***